रोबोवार से खत्म हुआ रोबोमेनिया

एमएमएमयूटी में इंजीनियरिंग के प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम



एमएमएमयूटी में रोबोमेनिया के अंतिम दिन टेकेन गेम में भाग लेते प्रतिभागी।

समापन के मौके पर विद्यार्थी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

एमएमएमयूटी में आयोजित तीन दिवसीय रोबोमेनिया का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत भी किए गए। आयोजन में गोरखपुर से एमएमएमयूटी, आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा, आईईटी लखनऊ, एचबीटीआई कानपुर, बीआईटी झांसी के अलावा विभिन्न एनआईटी के करीब 2000 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों में रोबोवार, ट्यूरिंग, सर्किट विजार्ड, इलेक्ट्रो टेकेन, लेजर स्ट्राइक, सरलॉक्ड, इलेक्ट्रो, एनएफएस,

रोबोवार, ट्यूरिंग, सर्किट विजार्ड में मेजबान ने मारी बाजी

इलेक्ट्रॉनिक्स चेस, इलेक्ट्रॉनिक्स आर्ट्स, बम डिफ्यूजन, रिफ्लेक्स आदि कार्यक्रमों के अंतिम चरणों का मुकाबला हुआ। रोबोवार में एमएमएमयूटी की टीम माइट्रो के अमन राज, शिखा गौतम, प्रीति प्रणामी की टीम ने बाजी मारी। ट्यूरिंग में एमएमएमयूटी दिव्यांश सिंह ने बाजी मारी।

सर्किट विजार्ड में एमएमएमयूटी के सत्यजीत कुमार और सुरेश सिंह, जबकि इलेक्ट्रॉनिक आर्ट्स में एमटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा दीक्षा पांडेय ने बाजी मारी। सरलॉक्ड में प्रबुद्धानंद, मिहिर गोयल, रविंद्र नाथ, कुलदीप मिश्रा की टीम विजयी रही। वहीं तन्मय कुमार, विदिशा यादव और श्रेया मिश्रा दूसरे स्थान पर तथा हेमंत सिंह, इशिता शाही, अग्रिमा अग्रवाल और सर्वज्ञा गुलाटी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बम डिफ्यूजन में शशांक सिंह, निकुंभ और मो. आसिफ की टीम ने जीत हासिल की। देर रात तक चले कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने अपने हुनर प्रदर्शित किया।

रोबोटिक क्लब के अध्यक्ष अक्षय गुप्ता ने प्रतिभागियों को बधाई थी। साथ ही कार्यक्रम के आयोजन में सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

डाक
(150+
किसी भ
कॉ
मिस्र